हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 झमाझम के बाद मानसून पर लगा ब्रेक; बढ़ी उमस...


12 काम रोकने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई : रोहित




प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

B.M. COLLEGE
BCA BBA PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065, 9303898329, 9098849923

घोटाला : आदिवासी विकास विभाग में करोड़ों की गड़बड़ी, अधूरे कामों के बीच अब वसूली की तैयारी

# जिले में करोड़ों रुपए डकार कर ठेकेदार फरार

# स्कूल जतन योजना के 50 से अधिक काम अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में आदिवासी विकास विभाग के कामकाज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग के तीन बड़े मामलों ने करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्कूल जतन योजना में करोड़ों रुपए की अग्रिम राशि डकारने के बाद भी दर्जनों काम अधूरे पड़े हैं। वहीं, स्कूलों में शौचालय निर्माण के नाम पर 61 लाख रुपए दबाकर बैठी कंपनी 10 महीने में महज 23 शौचालय ही बना सकी। हद तो तब हो गई जब आश्रम-शालाओं में स्वीकृत पदों से दोगुने से अधिक चपरासियों की अवैध नियुक्तियां कर शासन पर 3.84 करोड़ रुपए के लंबित वेतन का वित्तीय बोझ लाद दिया गया। इन घोटालों के उजागर होने के बाद जिला प्रशासन अब ठेकेदारों को नोटिस जारी कर राशि वसूली, संपत्ति कुर्की और एफआईआर दर्ज कराने की बात कह रहा है। कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने भी माना है कि कई काम अधूरे हैं और मामलों की जांच कर शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

**जतन योजना: आरईएस के काम पूरे, आदिवासी विकास विभाग के 50 से ज्यादा अधूरे**-स्कूल जतन योजना के तहत जिले में 830 स्कूलों के निर्माण और मरम्मत का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को दिया गया था, जिसे समय पर पूरा कर लिया गया। इसके विपरीत, आदिवासी विकास विभाग को मिले 165 कार्यों में से 50 से अधिक काम अब भी अधूरे हैं। इनमें 24 कार्य ऐसे हैं जिनके लिए महासमुंद की मेसर्स सुनील कंस्ट्रक्शन, कोरबा के अजय कुमार राठौर और जयनारायण यादव की फर्म को करोड़ों की अग्रिम राशि दी गई थी, लेकिन काम बंद पड़ा है। इन मामलों में कुल 2.88 करोड़ रुपए की वसूली की जानी है। विभाग ने 6 जुलाई को संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर राशि लौटाने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा एफआईआर कराई जाएगी।

**मोटे कमीशन के चक्कर में बाहरी ठेकेदारों को बांटे काम-** जिला पंचायत की शिक्षा समिति के तत्कालीन अध्यक्ष संजय नेताम ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय ठेकेदारों को नजरअंदाज कर बाहरी ठेकेदारों को कथित तौर पर मोटे कमीशन के बदले काम बांटे गए। अब इस अधूरे निर्माण का खामियाजा क्षेत्र के गरीब स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

**शौचालय निर्माण: एक ही कंपनी को पूरे जिले का ठेका, काम सिर्फ 23 का-** जिले के 116 स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए शिक्षा विभाग को 1 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी, जिसकी निर्माण एजेंसी आदिवासी विकास विभाग को बनाया गया था। निविदा प्रक्रिया के बाद दुर्ग की कंचन कंस्ट्रक्शन को पांचों विकासखंडों में निर्माण का एकल ठेका देकर 61 लाख रुपए एडवांस जारी कर दिए गए। स्थानीय स्तर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### घोटाले का गणित

- ₹2.88 करोड़: स्कूल जतन योजना के तहत ठेकेदारों से होनी है कुल वसूली।
- 50 से अधिक: स्कूलों की मरम्मत और निर्माण कार्य अब भी पड़े हैं अधूरे।
- 116 स्कूल: जिले के जहां बनने थे शौचालय, एडवांस मिले ₹61 लाख।
- 23 शौचालय: दुर्ग की कंचन कंस्ट्रक्शन 10 महीने में सिर्फ इतने ही शौचालय बना सकी।
- 255 पद: जिले की 79 आश्रम-शालाओं में चपरासियों के स्वीकृत पद।
- 513 कर्मचारी: नेताओं-अफसरों की सिफारिश और मौखिक आदेश पर की गई कुल नियुक्तियां।
- ₹3.84 करोड़: अवैध नियुक्तियों के कारण कर्मचारियों के लंबित वेतन की कुल मांग।






### कलेक्टर बोले - जो हो गया, सो हो गया... अब ठीक कर रहे हैं

पूरे मामले में प्रशासनिक फैसलों और मॉनिटरिंग पर उठ रहे सवालों तथा काम आवंटन में कलेक्टर की मंजूरी की भूमिका पर जब हरिभूमि ने सवाल किया, तो कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने बेबसी जताते हुए कहा की कुछ काम पहले के हैं और कुछ मेरे कार्यकाल के हैं। अब क्या करें... जो हो गया, सो हो गया। उसे ठीक करने की कोशिश जारी है।



### दलालों के जरिए पैसे लेकर हुईं अवैध नियुक्तियां; 255 की जगह रख लिए 513 चपरासी

जिले की 79 आश्रम-शालाओं में चपरासियों के स्वीकृत 255 पदों के मुकाबले गुपचुप तरीके से 513 कर्मचारियों की फौज खड़ी कर दी गई। आरोप है कि नेताओं और बड़े अधिकारियों की सिफारिश पर मौखिक आदेशों से तथा दलालों के माध्यम से मोटी रकम लेकर ये नियुक्तियां की गईं। जब वित्तीय बोझ बढ़ा और शासन से बजट नहीं मिला, तो दिसंबर 2025 में इन अतिरिक्त कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद पीड़ित कर्मचारी 7 से अधिक बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। मार्च 2026 में इनके लंबित वेतन भुगतान के लिए 3.84 करोड़ रुपए की मांग शासन को भेजी गई है। वर्तमान सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल का कहना है कि शासन से आवंटन मिलने के बाद ही भुगतान संभव हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### मां और बेटे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पुटका में मां और बेटे के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कोमल प्रधान पिता रेशमलाल प्रधान (45 साल) ने बताया कि 11 जून को करीब 10:30 बजे वह अपने खेत में मां शांति प्रधान के साथ बुआई का काम कर रहा था, उसके बड़े भाई निर्मल प्रधान वहां आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आई उसकी मां शांति प्रधान के साथ भी डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक निजी अस्पताल के सामने से स्कूटी चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी कृष्णकुमार ने बताया कि वह 09 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी टीवीएस आई क्यूब इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्र सीजी 04 क्यूएन 6897 में अपनी पत्नी मोनिका के साथ अकाल पुरख अस्पताल महासमुंद गया था। चेकअप कराकर वापस आने पर स्कूटी नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

# मिनी बसों की मनमानी, यात्रियों को उतारने चढ़ाने के लिए कहीं भी रोक देते हैं वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम-रायपुर और राजिम-महासमुंद मार्ग पर संचालित ढेर सारे मिनी बसों के परिचालन को लेकर एक बार फिर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि अधिकांश मिनी बस चालक निर्धारित स्टॉप या सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के बजाय बीच सड़क पर ही अचानक ब्रेक लगाकर सवारी चढ़ाने-उतारने लगते हैं। इससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और यातायात भी बाधित होता है। नागरिकों का कहना है कि कई बार बस चालक पीछे से आ रहे वाहनों की परवाह किए बिना अचानक बस रोक देते हैं। ऐसे में पीछे चल रहे बाइक, कार और अन्य वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे टक्कर होने का खतरा बना रहता है। व्यस्त समय में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। लोगों का कहना है कि यदि बस चालकों को सवारी उतारनी या चढ़ानी है तो उन्हें सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर वाहन रोकना चाहिए। बीच सड़क पर बस रोकना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों और अन्य राहगीरों की जान भी जोखिम में डालता है। स्थानीय नागरिकों ने जिले के एसपी का ध्यान आकर्षित करते हुए इस पर यथोचित निर्देश देने का आग्रह किया है ताकि मिनी बसो के इस तरह के लापरवाह चालन पर ब्रेक लग सके और लोगो की परेशानी ▶▶|शेष पेज 10 पर

# नवापारा में महानदी में डूब रहे दो बच्चों को बचाने उतरा युवक तेज बहाव में बहा, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा के किनारे से महानदी बहती है। इस नदी में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में महानदी नहाने गए 32 साल के युवक प्रदीप कश्यप बह गया। जानकारी के मुताबिक यह युवक अपनी पत्नी के साथ नेहरू घाट के पास नहाने गया था। बताया जा रहा है कि वह नदी में स्नान कर रहा था, जबकि उसकी पत्नी किनारे घाट में कपड़े धो रही थी। प्रदीप की पत्नी मंगला कश्यप ने बताया कि नहाने के दौरान दो बच्चे पानी में अचानक डूबते दिखे जिसे बचाने के लिए प्रदीप बच्चो की ओर गए। बच्चों को बचा लिया गया, लेकिन प्रदीप पानी की बहाव में आगे बह गया। काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो पत्नी घबरा गई और आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ईधर सूचना पाकर नवापारा थाने के एसआई अरूण साहू पुलिस बल के साथ बिना देर किए तत्काल ▶▶|शेष पेज 10 पर

# अंचल में थमी बारिश, बढ़ी उमस संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




बारिश के बंद होने पर उमस एवं गर्मी बढ़ी जिसके चलते पंखे एवं कूलर का अधिक उपयोग हो रहा है। बदली वाली धूप के चलते लोगों को संक्रामक बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों मानसून के सक्रिय रहने के कारण नगर सहित अंचल में झमाझम बारिश होने के कारण खेत खलिहान लबालब हुए थे और किसानों ने अपने -अपने खेतों में बोनी कार्य प्रारंभ कर दिया है जो अभी तक चल रहा है। किसान भानुप्रताप ध्रुव ने उमस एवं गर्मी को लेकर कहा कि यह मौसम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक जरूर हो सकता है लेकिन रबि फसल के लिए फायदेमंद है। इस उमस एवं गर्मी के चलते धान के पौधे अंकुरित होकर निकल रहे है ▶▶|शेष पेज 10 पर

# खुलासा : पितईबंद के युवक की अज्ञात वाहन के कुचलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना के ग्राम पितईबंद में एक 23 साल के युवक उत्तम भारती की मौत के मामले में खुलासा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर जिस घटना को हत्या की आशंका से जोड़कर देखा जा रहा था, वह पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हिट एंड रन सड़क हादसा निकला। इसके बाद राजिम पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता (बीएनएस) की धारा 281 एवं 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई की देर रात ग्राम पितईबंद निवासी उत्तम भारती का शव उसके घर के सामने सड़क किनारे मिला था। सिर और शरीर पर चोटों के निशान मिलने से गांव में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही थी। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। राजिम पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विवेचना में पाया कि घटना सड़क दुर्घटना थी। जांच में सामने आया कि उत्तम भारती भोजन करने के बाद घर के सामने सड़क किनारे बैठा था।

### डॉक्टर ने कहा- अंदरूनी अंगों में आई थी गंभीर चोटें



इसी दौरान राजिम से पितईबंद होते हुए पोखरा की ओर जा रहे किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम पहुंचाया, यहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजिम अस्पताल के प्रभारी डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया ने स्पष्ट किया है कि युवक की मौत फेफड़े, लिवर, प्लीहा और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों में गंभीर चोट तथा अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुई। रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति दुर्घटनाजन्य बताई गई है। अब इधर राजिम पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस राजिम से लेकर उस मार्ग पर दुकानो और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने ,फरार वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है। राजिम टीआई अमृत लाल साहू ने बताया कि इस दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हो जाने वाले चालक और गाड़ी की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे है। बहुत जल्द वो गाड़ी पकड़ में आ जाएगी।

नर्सिंग विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव और नए कानूनों की दी जानकारी

# अनजान लिंक पर न करें क्लिक, न ही साझा करें ओटीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



गरियाबंद पुलिस ने शिवम नर्सिंग कॉलेज मालगांव में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए विधिक एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। इसमें साइबर अपराधों से बचाव, नए कानूनों, यातायात नियमों और आपातकालीन स्थिति में सीपीआर तकनीक की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके, डीएसपी गोपाल वैश्य, जिला अस्पताल के डॉक्टर एमके श्याम, मेमीचंद सोनवानी और थाना प्रभारी शिशिर पाण्डेय मौजूद रहे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके ने बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी से ओटीपी साझा नहीं करने और डिजिटल बैंकिंग के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी। थाना प्रभारी शिशिर पाण्डेय ने देश में लागू नए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। डीएसपी गोपाल वैश्य ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के साथ नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी।

**सीपीआर का जीवंत प्रदर्शन, जान बचाने की बताई तकनीक-** जिला अस्पताल के डॉक्टर एमके श्याम ने आपातकालीन चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए सीपीआर का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान दिल का दौरा पड़ने या सांस रुकने जैसी स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए अपनाई जाने वाली जरूरी प्रक्रिया की जानकारी नर्सिंग विद्यार्थियों और पुलिस कर्मचारियों को दी गई। इसी क्रम में राजिम थाना क्षेत्र के प्रेमरतन पैलेस में क्रेडिट एक्सेस फाउंडेशन की सामाजिक-आर्थिक कार्यशाला में राजिम पुलिस और साइबर सेल गरियाबंद की टीम ने उपस्थित ▶▶|शेष पेज 10 पर

# सड़क निर्माण का मलबा खेतों में पहुंचने से किसान परेशान, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



मुड़ागांव से पाण्डुका तक नव निर्मित सड़क के पहुंच मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है। सड़क के दोनों ओर किसानों की कृषि भूमि स्थित है। किसानों का आरोप है कि सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण के दौरान छोड़ी गई गिट्टी, बोल्डर और अन्य मलबा बारिश के पानी के साथ बहकर उनके खेतों में पहुंच रहा है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। ग्राम खड़मा के किसान गंगाराम ध्रुव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान सड़क का मलबा और गिट्टी खेतों में जमा हो जाती है। इससे खेत समतल नहीं रह पाते और खेती करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क किनारे जमा मलबे को तत्काल हटाया जाए तथा उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश का पानी मलबा बहाकर खेतों में न ले जाए। किसानों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उनकी कृषि भूमि को लगातार नुकसान होता रहेगा।

**खबर संक्षेप**



## टोंगोपानीकला में धूमधाम मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानीकला के मां शीतला माता मंदिर में गुरुवार को शीतला जुड़वास उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा अनुसार बैगा पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा अर्चना की। इस दिन सुबह से ही शीतला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुजारियों ने श्रद्धालुओं पर नीम के पत्ते से हल्दी युक्त जल से छिड़काव किया, जिसे स्थानीय भाषा में ठंडाई कह जाता है। मान्यता है कि इससे रोग दूर होते हैं और घर में सुख-शांति समृद्धि आती है। शीतला माता मंदिर समिति ने बताया कि हर साल आषाढ़ मास में माता पहुंचनी उत्सव बड़े धूमधाम किया जाता है। भक्तों की आस्था और सहयोग से यह पर्व सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

## मरार पटेल समाज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार पटेल समाज जिला महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक 12 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे से समाजिक भवन मे आयोजित किया गया है। बैठक में आय-व्यय की जानकारी तथा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन संबधित चर्चा के अलावा समाजिक विकास पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक इस बैठक शामिल होंगे। जिसमें समाज द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा। इस बैठक में राज अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## भावना पांडेय होंगी धमतरी जिले की नई एसपी

**धमतरी।** जिला पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे एसपी सूरजसिंह परिहार का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर भावना पांडेय जिले की पुलिस अधीक्षक होंगी।



भावना पांडेय

राज्य शासन के गृह पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 24 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है जिसमें धमतरी जिला भी प्रभावित हुआ है। लगभग डेढ़ वर्ष से जिला पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे एसपी सूरजसिंह परिहार भापुसे 2015 का तबादला सेनानी चौथी वाहिनी छग सशस्त्र बल माना रायपुर के पद पर हुआ है। उनके स्थान पर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा के पद पर पदस्थ भावना पांडेय भापुसे को धमतरी जिले की पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

## नपं करेली बड़ी में आपरेशन सिंदूर उद्यान का लोकार्पण आज

**मगरलोड।** नगर पंचायत करेली बड़ी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आपरेशन सिंदूर उद्यान का लोकार्पण आज 12 जुलाई को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद होंगी। अध्यक्षता अजय चंद्राकर विधायक कुरूद करेंगे।

## गोंडवाना गोंड महासभा की बैठक आज

**धमतरी।** गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय कार्यशाला 19 जुलाई रविवार को प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारी बैठक आज 12 जुलाई को आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर 24 नया रायपुर (छत्तीसगढ़) में दोपहर 12 बजे महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह मांझी ओडिशा की अध्यक्षता में होगी। राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील महासभा के राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव ने की है।

### निरीक्षण : हाईलेवल ब्रिज के निर्माण स्थल का विधायक रोहित साहू ने किया निरीक्षण

# सूखा नदी पर बनेगा 10.50 करोड़ रुपए का ब्रिज बारिश में टापू बनने की समस्या से मिलेगा निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

क्षेत्र की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब धरातल पर उतरने जा रही है। शनिवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने छुरा स्थित सूखा नदी पर प्रस्तावित 10 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्चस्तरीय पुल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित पुल की डिजाइन, एप्रोच रोड, निर्माण क्षेत्र तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी विधायक को दी। विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के हजारों लोगों की जीवनरेखा साबित होगा और इसके निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**बारिश में थम जाती थी जिंदगी, अब मिलेगा स्थायी समाधान-** सूखा नदी पर बना पुराना पुल हर वर्ष बारिश के दौरान जलस्तर बढ़ने पर पूरी तरह डूब जाता है। पुल के ऊपर पानी आने से छुरा, कोमाखान, महासमुंद, ओड़िशा के खरियार रोड और नुआपाड़ा की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग कई घंटों से लेकर कई दिनों तक बंद हो जाता है। इससे आम नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों की इसी वर्षों पुरानी समस्या को देखते हुए विधायक रोहित साहू ने लगातार शासन स्तर पर पहल की, जिसके परिणामस्वरूप 10.50 करोड़ रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण को स्वीकृति मिली। अब जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

**क्षेत्र की तस्वीर बदलेगा ब्रिज-** प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल बनने के बाद वर्षभर निर्बाध आवागमन संभव होगा। मानसून में संपर्क टूटने की समस्या समाप्त होगी, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि केवल पुल ही नहीं, बल्कि गरियाबंद से कोमाखान तक सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है और इसका कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा। सड़क चौड़ी होने से यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।





### गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं

विधायक ने निर्माण एजेंसियों एवं विभागीय अधिकारियों से कहा कि पुल निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लोगों का कहना है कि वर्षों से जिस पुल की मांग की जा रही थी, वह अब साकार होती दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए विधायक रोहित साहू के प्रयासों की सराहना की।

# अनाथ बालक पंचराम को रोहित साहू ने लिया गोद, अब संवर रहा भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

मानवता और जनसेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल राजिम विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिली। यहां के विधायक रोहित साहू ने ग्राम छुईहा निवासी असहाय बालक पंचराम तारक को गोद लेकर न केवल उसकी शिक्षा का जिम्मा उठाया है, बल्कि उसके परिवार को पक्का मकान देने का भी संकल्प लिया है। जिसकी नींव रखी जा चुकी है, संकल्प अब साकार होने जा रहा है। पंचराम के माता-पिता नहीं हैं। वह अपने वृद्ध दादा, विकलांग दादी और एक अविवाहित बहन के साथ जीवनयापन कर रहा है। जिसका एक मात्र सहारा है।



विधायक ने पंचराम की स्थिति जानकर उसे गोद लिया और उसकी पूरी पढ़ाई का खर्च उठाने का निर्णय किया। इसी कड़ी में शनिवार को विधायक ने पंचराम का हाई स्कूल छुईहा में कक्षा 9वीं में प्रवेश कराने की प्रक्रिया शुरू की है। साथ ही स्कूल ड्रेस, किताबें और पाठ्य सामग्री की व्यवस्था भी कराई। विधायक का कहना है कि शिक्षा ही इस बच्चे के भविष्य को संवारेगी।

**पीएम आवास को बनाएंगे मॉडल सुंदर घर-**पंचराम के परिवार को स्वीकृत पीएम आवास को विधायक ने साधारण घर न बनाकर मॉडल सुन्दर आवास बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए विधायक रोहित साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव और सरपंच गजेश्वर सिन्हा के सहयोग से अतिरिक्त खर्च कर एक सुंदर डिजाइन और मजबूत मकान तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में विधायक ने अपने विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा को शनिवार को छुईहा उनके घर भेजकर परिवार का हालचाल जाना। विजय कंडरा ने निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्माण सामग्री की आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की।

# कमार आवासीय विद्यालय प्राचार्यविहीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला कमार समाज ने कमार आवासीय विद्यालय में प्राचार्य नियुक्ति करने सहित विभिन्न मांग कलेक्टर से की है। कमार समाज के जिलाध्यक्ष बुधलाल नेताम, सरोज नेताम, श्रवण कुमार, बुधारुराम, हरीलाल आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कमार बच्चों के विकास के लिए नगरी में शासन द्वारा कमार आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय में प्राचार्य के अभाव में विद्यालय का प्रशासनिक कार्य शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्य व्यवस्था का प्रभावी रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। कमार समाज ने कहा है कि पूर्व में खम्हनलाल गंजीर प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने आवेदन किया था।



### कमार भवन में शेड और आहता निर्माण

जिला कमार समाज ने कहा है कि कमार भवन नगरी में आहता नहीं होने से मवेशी भवन परिसर में घुस जाते है और गंदगी फैलाते है। साथ ही बैठक के दौरान अधिक जनसंख्या होने से सामाजिक लोगों को बैठने के लिए जगह छोटा पड़ता है। जिससे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कमार भवन में आहता तथा शेड निर्माण की मांग की है।

### नया कमार भवन की घोषणा की मांगी जानकारी

कमार समाज ने कलेक्टर को सौंपे एक अन्य आवेदन में कहा है कि कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने मसान डबरा भ्रमण के दौरान समाजिकगणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदगी में नया कमार भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपया की घोषणा की गई थी, जिसके बारे में कलेक्टर से उन्होंने जानकारी साझा करने की मांग की है।

## चाकू की नोक पर युवक से साढ़े तीन हजार की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत सलोनी में विगत बुधवार की रात लगभग आठ बजे एक युवक के गले में चाकू टिकाकर बदमाश उसकी जेब में रखे साढ़े तीन हजार रुपए तथा एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगीडीह निवासी चंद्रशेखर नेताम धमतरी गया था और घर वापसी के समय पेट्रोल डलवाने लिए सलोनी के बीडीएस फ्यूल्स में जा रहा था तभी सलोनी कमार डेरा की तरफ से तीन व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को दूर खड़ा कर उनके पास आए। वे नशे में चूर थे और तीनों ने उन्हें घेर लिया। सभी ने अपने चेहरे पर रुमाल बांधे थे। गर्दन में चाकू टिकाकर तीनों नशेड़ी बदमाश उसकी जेब से पर्स सहित एटीएम कार्ड ले गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़ित जोगीडीह निवासी चंद्रशेखर नेताम ने बताया कि सलोनी के देवता मारिया के पास उसे तीन लोगों ने घेर लिया।

# सफर के दौरान बस में हुई यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ अपने घर झारखण्ड लौट रहा था युवक

बीजापुर से अपने घर झारखंड जा रहे युवक की यात्रा करते समय बस में ही मौत हो गई। भाई को अचेत हालत में देख उसके साथ यात्रा कर रहा भाई उसे छोड़कर भाग गया।

मृतक के साथी व अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार लालबिहारी भूईयां पिता जनदेव उम्र 32 वर्ष झारखंड में पलमू जिला के पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम नगरी का रहने वाला था। लालबिहारी अपने भाई रामनाथ भूईयां व गांव के बसंत भूईयां सहित अन्य लोगों के साथ काम करने बीजापुर के किरंदुल आया था। सभी लोग किरंदुल में छड़ बांधने का काम करते थे। शुक्रवार को लालबिहारी अपने भाई रामनाथ के साथ अपने घर ग्राम नगरी थाना पांकी जाने के लिए बीजापुर से कांकेर की बस में सवार हुए थे। बस सभी यात्रियों को लेकर धमतरी पार कर नेशनल हाइवे से होते हुए रायपुर की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान बस में सवार लालबिहारी की नाक से अचानक खून बहने लगा। देखते ही देखते युवक बस की सीट पर अचेत हो गया। युवक की हालत देख चालक ने अर्जुनी मोड़ के पास बस को रोककर तत्काल संजीवनी 108 को सूचना दी। इसी बीच रामनाथ अपने भाई ही हालत बिगड़ती देख उसे छोड़कर भाग गया। सूचना पर एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को मर्रच्यूरी शिफ्ट कर चौकी पुलिस उसकी शिनाख्ति व रामनाथ की तलाश में जुट गई लेकिन शनिवार तक भाई का कहीं पता नहीं चला। भाई को छोड़कर भागे रामनाथ ने अपनी पत्नी को फोन कर लालबिहारी की मौत हो जाने की जानकारी दी थी। उसकी पत्नी ने बसंत भूईयां को रात्रि में फोन कर घटना की सूचना दी। बसंत ने एक पत्रकार के माध्यम से मृतक के जिला अस्पताल धमतरी में होने का पता कराया। उसके बाद बसंत, राजकुमार व कृष्णा जिला अस्पताल गए। शिनाख्ति के बाद चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। भाई को बस में छोड़कर भागा उसका भाई रामनाथ शनिवार तक नहीं जिला अस्पताल पहुंचा और न ही अपने घर पहुंच पाया है।



### अत्यधिक ब्लीडिंग से मौत की आशंका

सूत्रों के अनुसार युवक को पीलिया की बीमारी थी। शुक्रवार को घर जाने के लिए बस में सफर करने के दौरान उसकी नाक से खून निकलने लगा था। शरीर का पूरा खून बाहर निकल गया। हार्ट भी ब्लड से खाली हो गया था। अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण युवक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

### एक हजार रुपए सालाना दुर्घटना बीमा पॉलिसी का क्लेम देने से हीलाहवाला करने का मामला

# एसबीआई इंश्योरेंस के खिलाफ उपभोक्ता आयोग ने 20 लाख भुगतान का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक हजार रुपये सालाना पॉलिसी वाले दुर्घटना बीमा का क्लेम देने से हीलाहवाला करने वाले एसबीआई इंश्योरेंस के खिलाफ उपभोक्ता आयोजन ने फैसला दिया है। फैसला में 20 लाख रुपए की पॉलिसी राशि सहित मानसिक क्षति राशि और वाद खर्च देने का आदेश पारित किया गया है।

कुरुद थाना के ग्राम चटौद निवासी तुषारराम साहू 17 वर्ष नाबालिग की ओर से वली हैसियत माता भारती साहू पति स्व.गोपालराम साहू ने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद पेश किया कि स्व. गोपालराम साहू ने छग राज्य ग्रामीण बैंक ग्राम दरबा में बचत खाला खोला था जिसके माध्यम से 12 दिसंबर 2023 को एक हजार रुपए की प्रीमियम राशि देकर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पचपेड़ी नाका रायपुर में जनरल बीमा कराया था। उक्त पालिसी के अनुसार बीमाधारक की दुर्घटनात्मक मृत्यु होने पर नामिनी को 20 लाख रुपए की क्षतिराशि देय थी। 12 दिसंबर 2024 को गोपालराम साहू अपनी मोटरसाइकिल से अभनपुर से ग्राम चटौद की ओर आ रहा था। रात 8.30 बजे सातपारा होटल के पास पीछे से आ रही कार के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी जिससे गोपालराम के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें पहुंची। उसे अभनपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना अभनपुर में अपराध दर्ज किया गया। परिवादी ने पति की मृत्यु हो जाने के बाद छग ग्रामीण बैंक में जाकर दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी से बीमा राशि की मांग की। परिवादी ने बीमा क्षति धन राशि की मांग किए जाने पर भी राशि प्रदान नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर बीमा राशि 20 लाख, मानसिक पीड़ा के लिए 1 लाख तथा वाद व्यय राशि 10 हजार रुपए दिलाने की मांग की।



इस मामले में एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि मृतक बीपी, हार्ट एवं अन्य बीमारी से पीड़ित था। रास्ते में हार्टअटैक आया और रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई, जिसके लिए बीमा कंपनी का क्षतिपूर्ति देने में उत्तरदायित्व नहीं है। वहीं परिवादी ने लंबित दस्तावेज के संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण दावा अस्वीकार कर दिया।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपालरंजन पाणिग्रही, सदस्य कु.रुपा शर्मा, अरविंदसिंह परिहार की बेंच विचारणीय बिंदु के आलोक में इस निष्कर्ष पर पहुंची कि विरोधी पक्षकार एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी ने सेवा में निम्नता की है और आदेश पारित किया कि एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी 45 दिवस की अवधि के भीतर परिवादी को बीमा दावा की राशि 20 लाख रुपए अदा करें। 15 दिसंबर 2025 से अंतिम अदायगी तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी अदा करें। मानसिक पीड़ा के लिए 20 हजार रुपए तथा वाद व्यय के एवज में 5 हजार रुपये 45 दिवस के भीतर देने का फैसला दिया है।

पेज 9 के शेष...

### जिले में करोड़ों...

पर इसका कड़ा विरोध हुआ था कि विकासखंडवार पंचायतों को काम देने के बजाय पूरा ठेका एक ही चहेती कंपनी को क्यों सौंपा गया? नतीजा यह रहा कि 10 महीने में केवल 23 शौचालय ही बन सके। अप्रैल में प्रशासन ने 36 लाख रुपए की अंतर राशि की वसूली के लिए पत्र जारी किया, लेकिन अब तक एक रुपया जमा नहीं हुआ। जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति का आरोप है कि ठेकेदार एक प्रभावशाली अधिकारी का करीबी है, इसलिए कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। **ठेकेदारों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी-** कलेक्टर भगवान सिंह उईके के मुताबिक, अधूरे कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया गया है और अंतर की राशि की वसूली के लिए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिन जिलों (महासमुंद, कोरबा, दुर्ग) में ठेकेदार रहते हैं, वहां के जिला प्रशासन को राजस्व वसूली प्रमाणपत्र भेजकर उनकी संपत्ति कुर्क करने और सरकारी राशि वसूलने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कलेक्टर ने साफ किया कि तत्कालीन सहायक आयुक्त नवीन भगत के कार्यकाल में हुई इन भारी गड़बड़ियों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

### मिनी बसों की...

दूर हो सके। यह तस्वीर शनिवार की शाम 4:35 बजे की है जब यह मिनी बस रायपुर के लिए निकली तो रास्ते भर जहां सवारी मिली वहां बीच रोड में रोककर सवारी भरती रही उनके पीछे में चल रहे वाहनो को तब तक खड़ा रहना पड़ा जब मिनी बस आगे बढ़ी तब पीछे चल रहे वाहन भी चलने लगे ऐसा हर मिनी बस के पीछे देखने को मिलता है। रायपुर से लौटते में इन मिनी बसो को सड़क में हो या महानदी की पुल पर काफी रफ्तार में देखी जाती है। वे यह परवाह नही करते कि उनके रफ्तार की चपेट में कभी भी कोई भी आ सकता है और बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

घटनास्थल आ गए। इसके साथ ही रायपुर से पुलिस की गोताखोर टीम को बुलाया गया। समाचार भेजे जाने देर शाम तक पुलिस की गोताखोर टीम महानदी में रेस्क्यू सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया हुआ है। जानकार बता रहे है कि अभी हाल ही में तेज बारिश और ऊपरी ईलाको से आए पानी की वजह से महानदी के कुछ हिस्सो में 8-10 फीट पानी का बहाव है तो कहीं-कहीं 4-5 फीट भी। रेस्क्यू करते पुलिस की टीम को देखने के लिए महानदी किनारे लोगो की भीड़ लगी हुई है।

### नवापारा में महानदी...

घटनास्थल आ गए। इसके साथ ही रायपुर से पुलिस की गोताखोर टीम को बुलाया गया। समाचार भेजे जाने देर शाम तक पुलिस की गोताखोर टीम महानदी में रेस्क्यू सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया हुआ है। जानकार बता रहे है कि अभी हाल ही में तेज बारिश और ऊपरी ईलाको से आए पानी की वजह से महानदी के कुछ हिस्सो में 8-10 फीट पानी का बहाव है तो कहीं-कहीं 4-5 फीट भी। रेस्क्यू करते पुलिस की टीम को देखने के लिए महानदी किनारे लोगो की भीड़ लगी हुई है।

### अंचल में थमी...

और उनमें बाढ़ भी आ रही है। स्वास्थ को लेकर ध्यान रखा जाय तो इस संक्रामक बीमारियों से कोई डर नहीं है। टिंबर व्यवसायी एवं किसान नोसराम साहू कहा कि यह मौसम धान के बाढ़ के लिए जहां सही है वहीं पर स्वास्थ के लिए दुख दाई है। मौसम में नमी एवं गरमी को लेकर सर्दी जुकाम एवं बुखार, उल्टी दस्त की शिकायत हो सकती है। उमस एवं गर्मी के चलते बिजली से चलने वाले उपकरण चालू होने के कारण बिजली बिल में कमी नहीं हो रही है। विद्युत खपत बढ़ रही है जिससे बिल में कमी नहीं होगीं। अशोक साहू ने कहा कि उमस एवं गर्मी से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ेगा लेकिन लोगों के काम करने की जज्बा के सामने उमस एवं गर्मी छोटी सी बात है इसलिए लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। तबीयत खराब होती है तो अस्पताल जाकर अपना ईलाज कराएं। लापरवाही न बरते।

## खबर संक्षेप

### दुकान लगाने के नाम पर दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद**। एफसीआई के सामने दुकान लगाने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एफसीआई के सामने चाय दुकान प्रार्थी चंचल सोनवानी, पुष्पा सोनवानी और उसकी मां उर्मिला सोनवानी चाय दुकान लगाते हैं। 10 जुलाई को उनकी जगह पर महेश जगत दुकान लगा रहा था, जब, उसे दुकान लगाने से उन्होंने मना किया तब महेश और उसके परिवार के लोग मिलकर प्रार्थी, उसकी बहन और मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के जुर्म दर्ज किया गया है। इधर दूसरे पक्ष की पूनम जगत ने बताया कि 10 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी बहन जसवंती जगत के साथ एफसीआई के सामने खाली जगह में मोमोस का दुकान लगा रहे थे, उसी समय पुष्पा सोनवानी एवं उसकी मां वहां पर आ गये और कहने कि यहां पर हम लोग दुकान लगाते हैं कहकर गाली गलौच करने लगे,जब गाली गलौज करने से मना किया तो हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, इस दौरान बीच बचाव करने आए भाई प्रियांशु जगत के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

### जिला न्यायाधीश ने किया मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत

**महासमुंद** । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मुख्य न्यायाधिपति का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। न्यायमूर्ति ने पेपरलेस प्रणाली पर बल देते हुए पेपर लेस कोर्ट का निरीक्षण भी किया। जिला अधिवक्ता संघ से मुलाक़ात के दौरान उन्होंने बार एवं बेंच के मध्य आपसी सामंज्यस स्थापित करने की बात कही। ताकि, आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। मुख्य न्यायाधीश द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के उपरांत न्यायपालिका के आधारभूत ढाँचे के समग्र विकास, आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है।

### किसानी : अब एक सप्ताह से थमा है पानी; फसलों के लिए अगला हफ्ता बेहद अहम

# झमाझम के बाद मानसून पर लगा ब्रेक; बढ़ी उमस, किसान जोखिम उठाकर बुवाई में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

पिछले सप्ताह हुई झमाझम बारिश के बाद जिस मानसून से लोगों को लगातार राहत और बेहतर वर्षा की उम्मीद थी, वह एक बार फिर रूठता नजर आ रहा है। बीते लगभग एक सप्ताह से बारिश पूरी तरह थमी हुई है। आसमान में बादलों की आवाजाही तो हो रही है, लेकिन बरसात नहीं होने से उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम में नमी तो बनी हुई है, पर तेज धूप और उमस के कारण दिनभर लोग बेचैनी महसूस कर रहे हैं। सप्ताह भर पहले शनिवार की रात क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई थी। इसके बाद रविवार और सोमवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा। लगातार हुई वर्षा से महानदी सहित क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए थे। चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा था। खेत-खलिहान लबालब भर गए, तालाबों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ा तथा किसानों के चेहरों पर अच्छी फसल की उम्मीद दिखाई देने लगी थी। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी, लेकिन लोगों ने इसे अच्छी बारिश का संकेत मानकर राहत महसूस की। अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण मौसम फिर करवट ले चुका है। सुबह से शाम तक तेज उमस और चिपचिपी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। दिन के समय धूप निकलने से तापमान में भी बढ़ोतरी महसूस की जा रही है।





#### खेती पहले की तुलना में अधिक महंगी

किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि मौसम की अनिश्चितता से जोखिम भी बढ़ गया है। बीज, खाद, डीजल और कृषि यंत्रों का खर्च बढ़ने से खेती पहले की तुलना में अधिक महंगी हो गई है। वहीं मजदूरों की कमी और बढ़ती मजदूरी के कारण परंपरागत रोपाई और बियासी की पद्धति भी तेजी से कम होती जा रही है। कुछ वर्ष पहले तक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोपाई होती थी, लेकिन अब इसका दायरा घटकर लगभग चार से पांच प्रतिशत रह गया है। किसानों का कहना है कि मौसम की बेरुखी और बढ़ती लागत के बावजूद खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य आधार है। ऐसे में वे हर परिस्थिति का सामना करते हुए अच्छी फसल की उम्मीद के साथ खेतों में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस वर्ष खरीफ सीजन किसानों के लिए उम्मीद और चुनौती, दोनों का प्रतीक बन गया है।

**सरकार और प्रशासन से अपेक्षा-** किसानों ने राज्य सरकार और कृषि विभाग से अपील की है कि यदि बारिश में और विलंब होता है तो कृषि सलाह समय-समय पर जारी की जाए। जिन क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध है, वहां आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध कराने की तैयारी रखी जाए। साथ ही खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि मौसम अनुकूल होते ही किसान बिना किसी परेशानी के खेती का कार्य पूरा कर सकें। मौसम का मिजाज फिलहाल अनिश्चित बना हुआ है। क्षेत्र के लोग और किसान एक बार फिर अच्छी और लगातार बारिश की आस लगाए बैठे हैं। सभी की निगाहें अब मानसून की अगली सक्रियता पर टिकी हैं, क्योंकि आने वाले कुछ दिन खेती, जलस्त्रोतों और पूरे क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। बता दें कि लंबे इंतजार और मौसम की मार झेलने के बाद खरीफ सीजन की धान बुवाई शुरू हो गई है। पहले समय पर बारिश नहीं होने से खेती पिछड़ गई, वहीं बाद में हुई लगातार भारी बारिश ने खेतों को जलमग्न कर दिया। अब पानी उतरने के बाद किसान जोखिम उठाकर पूरे उत्साह के साथ खेतों में बुवाई में जुट गए हैं। इस वर्ष मानसून की अनियमितता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। जून के अंत और जुलाई के पहले सप्ताह तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से धान की बुवाई शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद शनिवार आधी रात से सोमवार तक हुई झमाझम बारिश ने खेत, नहर और नालों को लबालब भर दिया। कई स्थानों पर खेतों की मेड़ बह गई, जिससे किसानों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी कम होने के बाद कृषि कार्यों ने गति पकड़ी है।

## जन्मदिन पर रोपे गए पौधे

**नवापारा-राजिम**। शहर में जगह-जगह पौधारोपण को लेकर अब सकारात्मक पहल देखी जा रही है। शनिवार को ब्रजबाला श्रीवास्तव के जन्मदिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी टीम द्वारा उन्हें पीपल का पौधा दी गई जिसे रोपा गया। यह केवल एक पौधा नहीं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण, हरित भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन का संकल्प के रूप में देखा गया। आज जब बढ़ता प्रदूषण, घटते वन और जलवायु परिवर्तन पूरी मानवता के लिए चुनौती बने हुए हैं, ऐसे समय में प्रत्येक अवसर को प्रकृति से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्रीन आर्मी ने अपने संदेश में कहा कि हर जन्मदिन, हर वर्षगांठ, हर उत्सव और हर शुभ अवसर पर यदि हम एक पौधा लगाएं या किसी को पौधा उपहार में दें, तो हमारा प्रत्येक उत्सव समाज और प्रकृति के लिए एक अमूल्य योगदान बन जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू द्वारा आदर्श कालोनी, नरसिंहनाथ मंदिर में आम, नीम, पीपल का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि पीपल का वृक्ष भारतीय संस्कृति में जीवन, शुद्ध वायु, दीर्घायु और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक माना गया है। यह अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए पौधा उपहार देना केवल सम्मान नहीं, बल्कि धरती मां के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी है। इस अवसर पर अमृत वाहिनी बीसी ग्रुप की बहनों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, मित्रों और समाज को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा प्रत्येक शुभ अवसर को ग्रीन सेलिब्रेशन के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करेंगी। कहा कि हरियाली बढ़ाएं, जल बचाएं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का उपहार दें। पेड़ लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे सुंदर और अमूल्य विरासत है।



## मुख्यमंत्री से मिलकर मांगूंगा पुल, जरूरत पड़ी तो खुद सड़क की लड़ाई लड़ूंगा : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शनिवार को एक बार फिर सुदुर ग्रामीण इलाकों के गांवों में बुनियादी सुविधाओं की हकीकत जानने के लिए विशाल बाकड़ी नदी में घुटने तक पानी को पैदल पारकर और 04 किमी मोटर साइकिल से ग्राम जरण्डी एवं बोड़ापाला पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता से जोरदार स्वागत किया। पहली बार विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद हो गए। सबसे पहले विधायक जनक ध्रुव ने माता शीतला के मंदिर मे पहुंचकर पूजा अर्चना किया। इस दौरान पूरे ग्रामवासियो द्वारा मातागुढ़ी निर्माण की मांग किया गया विधायक जनक ध्रुव ने मातागुढ़ी निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा किया तो ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखा। विधायक जनक ध्रुव ने पैदल लगभग ढाई किलोमीटर पूरे गांव का निरीक्षण किया यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों को सरकार से मिलने वाली योजनाओ की जानकारी लिया तथा गांव के मुख्यमंच में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। विधायक को अपनी समस्या बताने गांव स्कूली बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सभी एक जगह एकत्र थे। ग्राम पंचायत जंगलधवलपुर के सरपंच दिनेश ठाकुर एवं ग्रामीणो ने बताया कि जरण्डी और बोड़ापाला क्षेत्रवासियो की एक सबसे बड़ी मांग बाकड़ी नदी में पुल निर्माण की है बाकड़ी नदी सबसे बड़ी नदी है जिसमे झापन और पैरीनदी मिली हुई है और पहली बारिश के साथ ही लगातार 7-8 माह इसमे पानी का बहाव तेज रहता है। मिडिल और हाईस्कूल के पढ़ाई के लिए यहां के बच्चो को धवलपुर जाना पड़ता है दो बच्चे कुछ वर्श पहले स्कूल जाते समय नदी मे बह जाने से मौत हो गई उसके बाद इस नदी मे पुल निर्माण के लिए दो बार 07 करोड़ रूपये से अधिक स्वीकृत किया गया लेकिन अब तक पुल निर्माण कार्य नहीं हुआ।



#### ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं

ग्राम जरण्डी बोड़ापाला के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की मै बहुत पहले ही इस गांव में आना चाहता था लेकिन सुरक्षा कारण से मुझे आने नहीं दिया जा रहा था। उन्होने कहा की निश्चित रूप से इस गांव में बेहद गंभीर समस्याएं है ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो पा रही है ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारी इस गांव के निरीक्षण नहीं पहुंच रहे है जिसके कारण छोटे-छोटे समस्याओं से ग्रामीणों को जुझना पड़ रहा है। श्री ध्रुव ने कहा की बाकड़ी नदी में दो बच्चों की स्कूल जाते समय बह जाने से मौत हो गई इसके बाद भी जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने अभी तक कोई ठोस पहल नहीं किया है आज भी इस गांव के दर्जनों बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पारकर प्रतिदिन स्कूल जाना पड़ रहा है। श्री ध्रुव ने कहा पुल निर्माण के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मुलाकात करूंगा संबंधित विभाग के अधिकारियो से कल ही चर्चा करूंगा बावजूद इसके जरूरत पड़ी तो मै स्वयं सड़क की लड़ाई लड़ुंगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच दिनेश ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हबीब मेमन, उपसरपंच बालकिशन, रेवन दीवान, बनसिंग, जीवन नेताम, "याम नेताम, चुनेश नेताम, जैतराम, घसनीन बाई, चरण, कोमल सिंह, आरती, नकुल, श्यामलाल, चतुरसिंह, प्रधान पाठक यबीलाल नेताम, लुकेश यादव एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रभर के ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधि और प्रशासन में समन्वय जरूरी: रोहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

- विधायक रोहित साहू के जनदर्शन में उमड़ा सैलाब, एक ही दिन में आए 80 आवेदन

विश्रामगृह में शनिवार को आयोजित राजिम विधायक रोहित साहू के जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विधायक के समक्ष अपनी व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याएं रखीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान जनता की भीड़ बनी रही और अपनी बात सीधे विधायक तक पहुंचाने को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। जनदर्शन में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली, सड़क, नामांतरण, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, पंचायत सचिव को हटाने, राशन कार्ड बनवाने, ऋण पुस्तिका जारी करने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले शामिल रहे। विधायक रोहित साहू ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना और कई मामलों में तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन लगाकर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न कटवाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि समस्या के समाधान के बाद संबंधित आवेदक को इसकी जानकारी अवश्य दी जाए, ताकि लोगों को अपने कार्य की प्रगति की जानकारी मिलती रहे।

**काम के लिए भटकाया तो होगी कड़ी कार्रवाई-** जनदर्शन के दौरान विधायक रोहित साहू का सख्त रुख भी देखने को मिला। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी जनता की सेवा के लिए हैं। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा जनता को बेवजह परेशान किया गया या काम के लिए भटकाया गया, तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब जनता को परेशान करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिले और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से ही विकास कार्यों में गति आएगी तथा जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत होगा।



#### जनदर्शन में ये प्रमुख जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

विधायक ने कहा कि जनदर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का मंच है। यहां प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और संबंधित विभागों से नियमित समीक्षा भी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर हरीश साहू, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, भाजपा नेता मानसिंग निषाद, इमरान मेमन, सूजल कोठारी, मंडल अध्यक्ष खड़मा हेमंत सिन्हा, महामंत्री अरेंद्र साहू, थानसिंग निषाद, पीलूराम यादव, उपसरपंच यामिनी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 16 स्कूलों में बच्चों के साथ किया पौधारोपण

**गरियाबंद**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गरियाबंद पुलिस ने जिले के 16 स्कूलों में स्कूली बच्चों के साथ पौधरोपण कर राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभियान का उद्देश्य भावी पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने और राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान के बारे में बताया। साथ ही समझाया कि जिस तरह देश की एकता बनाए रखना जरूरी है, उसी तरह धरती और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण भी आवश्यक है। अभियान के तहत पांडुका थाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरमरा और मुरमुरा, गरियाबंद थाना क्षेत्र के प्राथमिक शाला छिंदौला, राजिम थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक शाला कोमा एवं आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र, पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के हाई स्कूल महुआभाठा और रूवाड़ सहित विभिन्न स्कूलों में पौधरोपण किया गया। इसी तरह फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के प्राथमिक शाला पुरैना, गदहीडीह, हाई स्कूल भसेरा, सिरीकला, पूर्व माध्यमिक शाला बिनोरी, प्राथमिक शाला फुलकरा और रोबा तथा छुरा क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर में भी पुलिस टीम ने बच्चों के साथ पौधे लगाए। कई स्थानों पर स्कूली बच्चों को थाना भ्रमण भी कराया गया। पौधरोपण के बाद बच्चों को लगाए गए पौधों की सुरक्षा और उनके बड़े होने तक नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। बच्चों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिलाया।



### ईश्तहार

क्रमांक / 203 / राजस्व / न.पं./ 2026-27
छुरा, दिनांक 10/07/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार कौशिक, श्री मुकेश सेन, श्रीमती जया श्रीवास पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सेन, निवासी छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 24 खसरा नम्बर 552/67 क्षेत्रफल 236.50 वर्गमीटर में स्थित सम्पत्ति जो कि वर्तमान में "श्री श्रवण कुमार सेन पिता श्री किशुन सेन" वार्ड क्रमांक- 10, डॉ. अम्बेडकर वार्ड, नगर पंचायत छुरा के नाम पर दर्ज है। श्री श्रवण कुमार सेन की मृत्यु होने के उपरान्त सम्पत्ति मालिक के रूप में वारिसान "श्री विजय कुमार कौशिक, श्री मुकेश सेन, श्रीमती जया श्रीवास पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सेन" के नाम पर नामांतरण करवाना चाहते है । नामांतरण हेतु दस्तावेजों के रूप में मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान सहमति पत्र, आबादी भूमि पट्टा, पटवारी द्वारा जारी नजरी नक्शा, सम्पत्तिकर / समेकितकर भुगतान रसीद की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो, तो ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरा**
**जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

### ईश्तहार

क्रमांक / 205 / राजस्व / न.पं./ 2026-27
छुरा, दिनांक 10/07/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार कौशिक पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सेन, निवासी छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 24 खसरा नम्बर 558/363 क्षेत्रफल 60.50 वर्गमीटर में स्थित सम्पत्ति जो कि वर्तमान में "श्री श्रवण कुमार सेन पिता श्री किशुन सेन" वार्ड क्रमांक - 11, राजा बिगेन्द्रशाह वार्ड, नगर पंचायत छुरा के नाम पर दर्ज है। श्री श्रवण कुमार सेन की मृत्यु होने के उपरान्त सम्पत्ति मालिक के रूप में वारिसान "श्री विजय कुमार कौशिक पिता स्व. श्री श्रवण कुमार सेन" के नाम पर नामांतरण करवाना चाहते है। नामांतरण हेतु दस्तावेजों के रूप में मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान सहमति पत्र आबादी भूमि पट्टा, पटवारी द्वारा जारी नजरी नक्शा, सम्पत्तिकर / समेकितकर भुगतान रसीद की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो, तो ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरा**
**जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

### -: ईश्तहार :-

क्रमांक/207/राजस्व/न.पं./2026-27
छुरा, दिनांक 10/07/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश यादव, श्री परमेश्वर यादव पिता श्री तीजेराम यादव, निवासी ग्राम भैंसामुड़ा, वि०ख०-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ०ग०) द्वारा प०ह०नं० 24 खसरा नम्बर 558 क्षेत्रफल 448.20 वर्गफीट में स्थित सम्पत्ति जो कि वर्तमान में "श्रीमती इन्दु साहू पति श्री नारायण प्रसाद साहू" वार्ड क्रमांक-11, राजा बिगेन्द्रशाह वार्ड, नगर पंचायत छुरा के नाम पर दर्ज है, जिसे सम्पत्ति मालिक के रूप में "श्री मुकेश यादव, श्री परमेश्वर यादव पिता श्री तीजेराम यादव" के नाम पर नामांतरण करवाना चाहते है। नामांतरण हेतु दस्तावेजों के रूप में बिक्री इकरारनामा, अधिकार पत्र, पटवारी द्वारा जारी काबिज नजरी-नक्शा, समेकितकर भुगतान रसीद की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो, तो ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरा**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

### -: ईश्तहार :-

क्रमांक/209/राजस्व/न.पं./2026-27
छुरा, दिनांक 10/07/26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश सेन पिता स्व० श्री श्रवण कुमार सेन, निवासी छुरा, जिला-गरियाबंद (छ०ग०) द्वारा प०ह०नं० 24 खसरा नम्बर 558 क्षेत्रफल 648 वर्गफीट में स्थित सम्पत्ति जो कि वर्तमान में "श्रीमती इन्दु साहू पति श्री नारायण प्रसाद साहू" वार्ड क्रमांक-11, राजा बिगेन्द्रशाह वार्ड, नगर पंचायत छुरा के नाम पर दर्ज है, जिसे सम्पत्ति मालिक के रूप में "श्री मुकेश सेन पिता स्व० श्री श्रवण कुमार सेन" के नाम पर नामांतरण करवाना चाहते है। नामांतरण हेतु दस्तावेजों के रूप में बिक्री इकरारनामा, अधिकार पत्र, पटवारी द्वारा जारी काबिज नजरी-नक्शा, समेकितकर भुगतान रसीद की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो, तो ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरा**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संकुल संगठन द्वारा प्रस्तुत किया गया आय-व्यय का लेखा-जोखा

**मैनपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनांतर्गत रोशनी संकुल संगठन अड़गड़ी का वार्षिक आमसभा अधिवेशन ग्राम पंचायत कोयबा ग्राम पंचायत में सम्पन्न हुआ। आम सभा के माध्यम से अगले वर्ष कार्ययोजना, संकुल संगठन के आय व्यय ब्यौरा, खेलकूद संकुल में कार्य कर रहे अच्छे केडर को शील्ड सम्मानित किया गया, आज के कार्यक्रम में जनपद पंचायत मैनपुर टीम विकासखंड परियोजना प्रबंधक प्रीति सिंहा, क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश प्रसाद साहू खिलेंद्री परस पीआरपी सकीना , रेवती मनहरे, प्रमिला तारक, अनुसूईया संकुल अध्यक्ष धनमती मांझी, सचिव फूलमती बाई कोषाध्यक्ष रेखा यादव संकुल वित्तीय साक्षरता सीआरपी घासीदास नायक अमन अली रिसोर्स बुक कीपर सक्रिय महिला देवकुमारी शकुंतला यादव, ग्वालिन जितेंद्र रूखमणि यादव समूह की दीदी लखपति तक सफर के बारे में सफलता कहानी ग्राम के समूह के दीदी को आजीविका गतिविधि से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

### जागरूकता शिविर में बच्चों को सिखाए साइबर सुरक्षा और यातायात के नियम

**रसेला।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर गरियाबंद पुलिस ने समाज में राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता का अनूठा संदेश देते हुए "एकता वृक्षारोपण अभियान" के तहत शासकीय स्कूल रसेला सहित दादरगांव (नया), मेड़कीडबरी में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में चल रहे सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी छुरा ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों के बीच जागरूकता शिविर आयोजित कर उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों के पालन, पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों तथा आपातकालीन सेवा डायल 112 की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी।

## निधन

### सहदेव कंसारी

**नवापारा-राजिम।** कंसारी समाज के अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के सभापति सहदेव कंसारी उम्र 64 वर्ष का निधन हो गया। वे



कन्हैया कंसारी, पुरुषोत्तम कंसारी के भाई तथा रजत कंसारी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू, पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि संजय साहू, पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा सहित पालिका के सभापति, पार्षद गण तथा नगर के गणमान्य लोग व कंसारी समाज के लोग शामिल हुए।

### सरपंच बोले - 50 लाख तक के कार्यों की एजेंसी बने पंचायत

# काम रोकने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई : रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

विश्राम गृह में सरपंच संघ की विकासखंड स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विधायक मुख्य रूप से शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सरपंचों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास को गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने सरपंचों को ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी बताते हुए उन्हें पूरी निष्ठा के साथ जनहित के कार्यों में जुटने के लिए प्रेरित किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरपंच अपने गांव के मुखिया होते हैं। ग्रामीणजन अपनी हर छोटी-बड़ी समस्याओं की जानकारी सबसे पहले सरपंचों को ही देते हैं। इसलिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी सरपंचों की ही है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर को याद करते हुए कहा कि मैंने स्वयं अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत में दो कार्यकाल तक सरपंच के रूप में कार्य किया है। मैं एक सरपंच की चुनौतियों और उसकी ताकत को बहुत अच्छी तरह समझता हूं। उन्होंने गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियानों, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और गांवों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



### 50 लाख तक के कार्यों की कार्य एजेंसी बनाने की मांग

विधायक ने बैठक में सरपंचों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक स्तर पर यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब करता है या भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है, तो उसकी सूची सरपंच संघ के माध्यम से सीधे उन तक पहुँचाई जाए। ऐसे दोषी अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने गांवों में राजस्व संबंधी व्यावहारिक समस्याओं को लेकर भी सरपंचों को सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने 50 लाख रुपए तक के स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत को ही कार्य एजेंसी बनाने की प्रमुख मांग विधायक के समक्ष रखी। इसके साथ ही संघ द्वारा विधायक रोहित साहू का गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया गया। सरपंच संघ ने अपनी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं से विधायक रोहित साहू को अवगत कराया जिस पर विधायक रोहित साहू ने सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। इस बैठक में छुरा विकासखंड के सरपंच संघ संरक्षक अशोक ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, सचिव दीपक कुमार ध्रुव, उपाध्यक्ष राधेश्याम कंवर, चेतन ठाकुर, जगबाई ध्रुव, रूपाबाई ध्रुव, रूपउ ध्रुव, द्वासु ठाकुर, हेमलाल नेताम, कोषाध्यक्ष देवकुमार दिवान, यशवंत ठाकुर, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू सहित सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों और ग्रामीण अधोसंरचना पर बड़ी घोषणाएं

बैठक में विकास कार्यों और ग्रामीण अधोसंरचना को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां गईं उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में 48 हजार गरीब परिवारों के पक्के मकान बन रहे हैं। वहीं, नए सर्वे के अनुसार आगामी समय में 86 हजार और परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। विधायक ने सरपंचों से इस कार्य में पूरी तन्मयता से सहयोग करने की अपील की ताकि हर गरीब का पक्के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि 30 लाख रुपए की लागत से अनेक गांवों में बनने वाले महतारी सदन और क्षेत्र की 13 ग्राम पंचायतों में 28.51 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को ही कार्य एजेंसी बनाया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी साथ ही सरपंचों को गांव में विकास कार्य करने का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा 1 जुलाई से मनरेगा के स्थान पर प्रारंभ की गई नई योजना वीबी जी राम जी के तहत होने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए विधायक ने इसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सरपंचों की भूमिका को रेखांकित किया।

## महिला जागरूकता कार्यक्रम में अभिव्यक्ति और समाधान ऐप की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



महिला जागरूकता कार्यक्रम इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओम के उच्चारण तथा सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस थाना छुरा द्वारा आयोजित की। छुरा थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने अनुशासन में रहते हुए सुधारात्मक प्रक्रिया को अपनाने की बात किया साथ ही पुलिस सेवा को आपातकालीन सेवा के रूप में इंगित किया। लौह पुरुष की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह देश का प्रथम गृह मंत्री एवं प्रथम उप प्रधानमंत्री थे। इन्होने देश को एकजुट करने का अथक प्रयास किया इसलिए इनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारत सरकार ने भारतीय दंड संहिता कानून को नये रूप में अपनाया जिसे भारतीय न्याय संहिता कहते हैं।थाना प्रभारी ने पास्को एक्ट पर संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की समाधान एप्स, अभिव्यक्ति एप्स की जानकारी दी जो महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित है, साथ ही सायबर सुरक्षा, गुड टच बेड टच और दहेज प्रथा से संबंधित प्रावधान पर संक्षिप्त जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख गणेशु निषाद ने दिया।इस अवसर पर टीकम मरकाम, सेवक निषाद, टोमन ठाकुर मनोज कुमार निर्मलकर, राहुल सिन्हा, किरण वर्मा, ओम डहरिया, कविता यदु, भारती यादव, अल्का सिन्हा, निधिका शाह, टेकेश्वरी तारक, कुन्ती साहू, डॉली साहू, दुहिता यादव,रितु शर्मा, नंदनी साहू, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु उपस्थित रहे।

## प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में शनिवार को एक बहुआयामी और भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। अवसर था शाला प्रवेश उत्सव शैक्षणिक सत्र 2026-27, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव का विदाई समारोह तथा न्योता भोज। कार्यक्रम को एक पर्व की तरह रंगोली, आकर्षक दीवार पेंटिंग और फूलों से सजाया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, जनपद सभापति नंदू यादव, और सरपंच देवेंद्र वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, वंदना और गायत्री परिवार के पुरोहित चेतन सिन्हा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कक्षा पहली एवं छठवीं के विद्यार्थियों के 'विद्यारंभ संस्कार' से हुआ। इसके बाद अतिथियों, पत्रकारों, समाजसेवियों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव का शाल-श्रीफल, पेन, डायरी और स्मृति चिह्न भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया।

**आकर्षण का केंद्र रहा 6 वर्षीय विशेष अतिथि रूद्र-** प्रवेश उत्सव में दुर्ग से पधारे 6 वर्षीय बाल प्रतिभा के धनी रूद्र शर्मा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पहुंचे। काले सूट और गुलाबी माला पहने मंच पर आए रूद्र ने 'पढ़बो सब जन-गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के स्लोगन को चरितार्थ किया। मंच से जब शिक्षकों और अतिथियों ने उससे स्कूल, भूगोल, गणित,



### 6 साल के रूद्र शर्मा ने ज्ञान से जीता सबका दिल

राजनीति, संस्कृति और पर्यटन से जुड़े देश-विदेश के सैकड़ों प्रश्न पूछे, तो रूद्र ने बिना किसी हिचकिचाहट के पूरे आत्मविश्वास के साथ सटीक उत्तर दिए। उसकी इस अद्भुत मेधा को देखकर पंडाल तालियों से गूंज उठा और कई महिला अभिभावक व शिक्षक भावुक हो गए। ग्रामीण महिलाओं (सरस्वती कंडरा, मितानिन लोकेश्वरी साहू, अंजू साहू, यामनी वर्मा आदि) ने कहा कि रूद्र आज के बच्चों के लिए बड़ी प्रेरणा है।

**कोरोना काल में निखरी गूगल बॉय की प्रतिभा-** राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक खोमन सिन्हा के विशेष आग्रह पर रूद्र की माता पायल शर्मा और पिता विनोद शर्मा ने 'हरिभूमि' से विशेष चर्चा में बताया कि रूद्र की यह ज्ञान यात्रा कोरोना काल में मात्र 2 वर्ष की उम्र से शुरू हुई थी। घर पर रहते हुए ही उसने कठिन शब्दों को बोलना और सामान्य ज्ञान सीखना शुरू कर दिया था। कार्यक्रम के संचालक पूर्व प्रधान पाठक ठाकुर राम साहू एवं उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि रूद्र इस बात का जीवंत उदाहरण है कि उम्र कभी शिक्षा में बाधा नहीं बनती; यदि सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी बच्चा बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। शाला परिवार और ग्रामीणों ने रूद्र को शाल, श्रीफल, गुलाल और प्रतीक चिह्न देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य रूप से नरेंद्र मार्कंडेय, भागीरथी सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, जितेंद्र शर्मा, नेमीचंद बंजारे, उरेन्द्र साहू, इमरान खान, ठाकुर राम, अखिलेश्वर वर्मा, खोमन सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा, केआर वर्मा, लीला राम मतावले, द्रौपदी, सीता साहू सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## एकलव्य विद्यालय कोसमबुडा में मनाया गया बैगलेस डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं एनसीईआरटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बैगलेस डे का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बिना पुस्तकों के विभिन्न रचनात्मक, कौशल-आधारित एवं अनुभवात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 7 के विद्यार्थियों के लिए न्यूज़पेपर टावर निर्माण, पॉडकास्ट एवं रेडियो जॉकी (आरजे) चैलेंज, ओरिगामी एवं क्ले आर्ट, तथा फर्स्ट एड एवं लाइफ स्किल्स (गांठ



बांधने का प्रशिक्षण), पौधा रोपण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीमवर्क, रचनात्मकता, संचार कौशल, सूक्ष्म मोटर कौशल तथा आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता का विकास किया गया। इसी प्रकार कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए लॉजिकल पज़ल्स, शार्क टैंक-बाल इनोवेटर्स, नुक्कड़ नाटक तथा वित्तीय साक्षरता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, नवाचार, समस्या समाधान, सामाजिक जागरूकता, मंच संचालन तथा धन प्रबंधन जैसे जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने का प्रयास किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। शिक्षकों ने गतिविधियों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को लर्नींग बाई डुइंग की अवधारणा के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। विद्यालय परिसर पूरे दिन नवाचार, सहयोग एवं सीखने के उत्साह से परिपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा व्यावहारिक जीवन कौशल को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भविष्य में भी विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु इस प्रकार के नवाचारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सशिमं छुरा में छात्र संसद का गठन दुष्यंत और प्रियंका बने सेनापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुरा में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, संगठन कौशल एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कन्या भारती एवं किशोर भारती का गठन किया गया। इस दौरान विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत सेनापति पद पर भैया दुष्यंत यादव एवं बहन प्रियंका साहू, उपसेनापति पद पर भैया अविनाश साहू एवं



बहन मानसी साहू, अध्यक्ष पद पर भैया तुषार साहू एवं बहन चांदनी ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर बहन प्रेरणा यादव, कोषाध्यक्ष पद पर भैया सुयस ध्रुव एवं बहन नीलिमा कंवर, जबकि सचिव पद पर उमंग यादव एवं कुणाल कुर्रे का चयन किया गया। इसके अलावा अन्य विभिन्न दायित्वों के लिए भी छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### सेवानिवृत्त और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों का सम्मान

# जन्म से मृत्यु तक के कार्य करते हैं सचिव : युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पंचायत सचिव संगठन जिला इकाई गरियाबंद ने 7 जुलाई को जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू के नेतृत्व में सचिव स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के आध्यात्मिक कथावाचक आचार्य पंडित युवराज पांडे के सानिध्य तथा जिला प्रशासन और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त सचिवों के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सचिवों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य युवराज पांडे ने कहा कि पंचायत सचिव जन्म से लेकर मृत्यु तक आमजन से जुड़े कार्यों को धरातल पर पूरी निष्ठा से संपादित करते हैं। गांवों के समग्र विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग इसी वर्ष पूरी होने की कामना करते हुए मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री से भी उनकी एक सूत्रीय मांग जल्द पूरी करने का आग्रह किया।



**ग्रामीण विकास में सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण-** कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की प्रथम सीढ़ी हैं। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आजीविका, रोजगार, लघु उद्योग, कृषि सहित शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों ने पंचायत सचिवों की मांग को जायज बताते हुए उन्हें ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी सचिवों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू के नेतृत्व में सेवानिवृत्त सचिव कृष्ण कुमार यादव और यशवंत साहू को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। वहीं प्रत्येक विकासखंड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच-पांच पंचायत सचिवों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल सचिवों का भी शॉल और पेन देकर सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में पंचायत सचिव संगठन के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, दौलत राम सोनवानी, हस्ताराम यादव, जिला सहसचिव दिलीप खरे, प्रवक्ता चेतन सोनकर, विकासखंड अध्यक्ष प्रेम ध्रुव, अनुज ठाकुर, गोविंद साहू, सुकांत बेहेरा, संतराम सिन्हा, डॉ. कन्हैयालाल ध्रुव, पुस्तम नागेश, जितेंद्र नेताम, देवनाथ साहू, संतोष गुप्ता सहित जिलेभर के पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

